# जल जीवन मिशन की समीक्षा में डीएम के सख्त निर्देश

## 328 परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर, पर्याप्त श्रमिक नहीं लगाने वाली कार्यदायी संस्थाओं का भुगतान रोकने की चेतावनी

**आयोजन**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। बाराबंकी कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित 328 एकल ग्राम परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं से परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, अब तक हुए कार्य तथा शेष काम को पूरा करने की कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने और जिन कार्यों में किसी कारण से देरी हो रही है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गति देने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में



जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने वाली महत्वपूर्ण योजना है। योजना का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब परियोजनाओं का निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार समय पर पूरा हो और ग्रामीणों को नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनावश्यक देरी को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्यदायी संस्थाओं को भी निर्धारित समयसीमा के अनुसार काम पूरा करने के लिए लगातार निगरानी और प्रभावी कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने को कहा गया।

### पर्याप्त श्रमिक लगाने के निर्देश

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजनाओं में लगाए जा रहे श्रमिकों की संख्या पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के लिए कार्ययोजना के अनुसार पर्याप्त श्रमिक लगाए जाएं, ताकि परियोजनाओं को समय से पूरा किया जा सके। डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि जिन कार्यदायी संस्थाओं की ओर से पर्याप्त संख्या में श्रमिक नहीं लगाए जा रहे हैं, उनके भुगतान को नियमानुसार रोकने की कार्रवाई की जाए।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर

डीएम ने कहा कि परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के साथ-साथ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। पाइप-लाइन बिछाने, जलापूर्ति व्यवस्था विकसित करने और अन्य निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर कार्यों का निरीक्षण करने और प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा गया कि यदि किसी परियोजना में तकनीकी, संसाधन या अन्य किसी प्रकार की समस्या सामने आती है तो उसका समय रहते समाधान कराया जाए।

**बैठक में जिलाधिकारी ने विशेष रूप से लंबित कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में काम अपेक्षित गति से नहीं चल रहा है, वहां उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए कार्य की रफ्तार बढ़ाई जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को अपनी कार्ययोजना के अनुसार पर्याप्त संसाधन जुटाने और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही अधिकारियों को परियोजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग करने और समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने के निर्देश दिए।**



### क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों का होगा संयुक्त सर्वे

बैठक में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइनों के क्षतिग्रस्त होने के मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग और जल निगम के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों का संयुक्त सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे के बाद जहां भी मरम्मत की आवश्यकता हो, वहां तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को परियोजनाओं की नियमित निगरानी और प्रगति की लगातार समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने और योजना के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर हासिल करने के निर्देश दिए।

# बालिकाओं ने एसपी-सीओ को बांधी राखी

## अधिकारियों ने सुरक्षा का भरोसा दिया, गिफ्ट देकर उज्जवल भविष्य की कामना की

**तमसा संकेत, एजेंसी**



बाराबंकी। बाराबंकी में एसपी कार्यालय में रक्षाबंधन से एक दिन पहले बालिकाओं ने एसपी अर्पित विजयवर्गीय और सीओ सिटी संगम कुमार को राखी बांधी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बेटियों की सुरक्षा का भरोसा दिलाया। यह कार्यक्रम भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और अपनत्व की खूबसूरत तस्वीर पेश कर रहा था। बालिकाओं ने पुलिस अधिकारियों के स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन की कामना की। इसके जवाब में, अधिकारियों ने उन्हें स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बालिकाओं को उपहार भी भेंट किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने समाज में बेटियों को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। एसपी ने बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए पुलिस हमेशा तत्पर रहेगी। यह कार्यक्रम केवल राखी बांधने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते में छिपे प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के संदेश को भी सामने लेकर आया। बालिकाओं ने पुलिस अधिकारियों के साथ आत्मीयता से बातचीत की और उत्साह के साथ पर्व मनाया। एसपी कार्यालय में सौहार्द और अपनत्व का माहौल बना रहा।

**फास्ट न्यूज**

### रक्षाबंधन से पहले उन्नाव के बाजारों में रौनक

उन्नाव। उन्नाव में रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पहले गुरुवार को उन्नाव के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई। राखी, मिठाई और उपहारों की दुकानों पर खरीदार नजर आए। हालांकि, राखी विक्रेताओं ने बिक्री उम्मीद के मुताबिक नहीं होने की बात कही, जबकि मिठाई कारोबारियों ने त्योहार को लेकर अच्छी मांग बताई। बाजार में अलग-अलग डिजाइन और कीमतों वाली राखियां सजी हैं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों से लेकर सामान्य और आकर्षक डिजाइन की राखियां उपलब्ध हैं।

### शादी से 3 महीने पहले युवक ने फांसी लगाई

हरदोई। हरदोई में शादी की तैयारियों के बीच अरवल थाना क्षेत्र में 27 साल के युवक अरुण ने बुधवार देर शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, अरुण ने 500 रुपए के लिए अपना मोबाइल गिरवी रख दिया था। इस बात पर उसकी मां ने उसे डांट दिया था। इसके बाद वह घर से चला गया और गांव के पास एक बाग में फांसी लगा ली। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अरुण की शादी नवंबर में तय थी। 12 अगस्त को उसकी गोदभराई की रस्म भी हुई थी। शादी की तैयारियों को लेकर परिवार में खुशी का माहौल था।

### उन्नाव के स्कूल में कावड़ यात्रा, रक्षाबंधन कार्यक्रम

उन्नाव। उन्नाव के गंगानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार दोपहर कावड़ यात्रा और रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने कावड़ यात्रा, शोभायात्रा और रक्षासूत्र निर्माण के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपराओं और भाई-बहन के प्रेम का संदेश दिया।

# अवैध पनीर फैक्ट्री पर छापा, 516 केजी खोया नष्ट

## रक्षाबंधन से पहले 21 हजार का खाद्य पदार्थ नष्ट, 5 नमूने जांच को भेजे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में रक्षाबंधन पर्व से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी और मानकविहीन खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार और गुरुवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय प्रियंका सिंह के नेतृत्व में सचल दल ने नेह पमेधिया गांव में संचालित एक अवैध पनीर निर्माण इकाई पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पता चला कि बिना वैध लाइसेंस के पाउडर से पनीर तैयार किया जा रहा था। टीम ने मौके पर काम बंद कराया और खाद्य पदार्थों के पांच नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने ग्राम पमेधिया निवासी खाद्य कारोबारी सुरेंद्र कुमार पुत्र रामप्रकाश के परिसर में छापेमारी की। जांच में पाया



गया कि परिसर में खाद्य पदार्थों के निर्माण और भंडारण से संबंधित मानकों का पालन नहीं हो रहा था। टीम के अनुसार, वहां मिल्क मिक्स पाउडर और सफेद अपमिश्रक पाउडर का उपयोग करके पनीर बनाया जा रहा था। कारोबारी के पास निर्माण के लिए कोई वैध खाद्य लाइसेंस भी नहीं था। टीम ने मौके पर लगभग 69 किलोग्राम मिल्क मिक्स पाउडर (छेना पाउडर) और सफेद अपमिश्रक पाउडर जब्त किया। जब्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 27,600 रुपये बताई गई है।

कार्रवाई के दौरान टीम ने तैयार और अर्द्धनिर्मित खाद्य सामग्री को भी मौके पर ही नष्ट कराया। विभाग के मुताबिक, कुल 21,750 रुपये मूल्य की खाद्य सामग्री नष्ट की गई। इसमें 35 किलोग्राम मिलावटी पनीर शामिल है, जिसकी अनुमानित कीमत 11,550 रुपये है। इसके अतिरिक्त, 120 लीटर अर्द्धनिर्मित पनीर (कीमत करीब 7,200 रुपये) और 50 लीटर गाय का दूध (कीमत करीब 3,000 रुपये) भी नष्ट किया गया। जांच के लिए टीम ने मिल्क मिक्स पाउडर, सफेद पाउडर (अपमिश्रक), पनीर और गाय के दूध के दो नमूनों सहित कुल पांच नमूने एकत्र किए। सभी नमूनों को सील करके प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है।

## उन्नाव में मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं और सहायता की जानकारी दी

# छात्राओं ने सीखे साइबर अपराध से बचाव के गुर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव के मोतीनगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पीएम श्री विद्यालय में गुरुवार दोपहर मिशन शक्ति साइबर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर विनी सिंह की अध्यक्षता में हुई संगोष्ठी में छात्राओं को महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं और साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में छात्राओं को 'Know Your MSK, Meet Your MSK, Find Your MSK और Ask Your MSK' के माध्यम से मिशन शक्ति केंद्रों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि किसी



परेशानी या शिकायत की स्थिति में छात्राएं अपने नजदीकी मिशन शक्ति केंद्र से सहायता ले सकती हैं। संगोष्ठी के दौरान मिशन शक्ति और साइबर टीम के अधिकारियों ने छात्राओं से सीधा संवाद किया। छात्राओं ने महिला सुरक्षा और साइबर अपराध से जुड़े सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने जवाब दिया। अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र केवल जागरूकता कार्यक्रमों तक सीमित नहीं हैं। यहां महिलाओं और बालिकाओं की समस्याओं को समझकर उन्हें आवश्यक परामर्श, पुलिस सहायता, साइबर सहायता और अन्य सेवाओं से जोड़ा जाता है।

### ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े जोखिमों के प्रति जागरूक

साइबर टीम ने छात्राओं को सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्हें साइबर स्टॉकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, मॉर्फिंग, एआई डीपफेक, अनचाहे मैसेज और ऑनलाइन ठगी जैसे मामलों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही सेक्सटॉर्शन, फोटो के जरिए ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े जोखिमों के प्रति भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर अजनबियों से बातचीत करने, निजी जानकारी साझा करने और अपनी लोकेशन सार्वजनिक करने से बचना चाहिए। साइबर अपराध होने पर घबराने के बजाय चैट, फोटो, स्क्रीनशॉट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखना चाहिए और तत्काल पुलिस या संबंधित सहायता केंद्र से संपर्क करना चाहिए।

# हरदोई में किसान की करंट लगने से मौत

## फर्राटा पंखे का तार लगाते समय झुलसा, अस्पताल में दम तोड़ा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई के माधौगंज थाना क्षेत्र के में फर्राटा पंखे का तार लगाते समय करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। 41 वर्षीय यूसुफ को परिजन तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह घटना बुधवार देर शाम भीषण गर्मी के बीच हुई। बुधवार की रात 8 बजे मेडिकल कॉलेज में किसान यूसुफ को मृत घोषित किया गया। गुरुवार की दोपहर 1:30 बजे शव का पंचनामा भरा गया मृतक के बड़े भाई खुर्शीद ने बताया कि बुधवार देर शाम परिवार के सभी सदस्य घर पर बैठे थे और गर्मी बहुत अधिक थी। यूसुफ कमरे में रखे फर्राटा पंखे को चालू करने के लिए उठे। जैसे ही उन्होंने पंखे का नंगा तार



बिजली के बोर्ड में डाला, उन्हें तेज करंट लगा और वे झुलसकर गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर परिजन तुरंत कमरे की ओर भागे और किसी तरह यूसुफ को छुड़ाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) माधौगंज ले गए। वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, रात करीब 8 बजे इलाज के दौरान यूसुफ की मौत हो गई। यूसुफ खेती-किसानी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

# रामपुर में 76 किलो पनीर-00 लीटर मक्खियों वाला दूध मिला

## खाद्य विभाग ने गड्ढा खुदवाकर कराया नष्ट, प्रतिष्ठान का लाइसेंस रद्द

**तमसा संकेत, एजेंसी**

रामपुर। रामपुर के शाहबाद क्षेत्र के खरसोल गांव में गुरुवार दोपहर खाद्य विभाग की टीम ने पनीर बनाने वाले प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। जिला अभिहित अधिकारी संजीव सिंह के मुताबिक, मौके पर साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब मिली। जांच के दौरान 76 किलो पनीर बरामद हुआ, जिससे तेज बदबू आ रही थी। वहीं 100 लीटर दूध में मक्खियां पड़ी मिलीं। जिला अभिहित अधिकारी ने बताया कि खरसोल में फरजन अली बड़े पैमाने पर पनीर तैयार कर उसकी आपूर्ति करते हैं। टीम ने मौके से पनीर, दूध और अन्य 10 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। खराब स्थिति को



देखते हुए खाद्य विभाग की टीम ने करीब 76 किलो पनीर और 100 लीटर दूध को मौके पर ही नष्ट करा दिया। इसके लिए गड्ढा खुदवाकर खाद्य सामग्री को जमीन में दबाया गया। नष्ट किए गए पनीर और दूध की अनुमानित कीमत 30,460 रुपए बताई गई है। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया गया।

संजीव सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन के त्योहार को देखते हुए खाद्य विभाग की टीमें पूरे जिले में सक्रिय हैं। टांडा, स्वार, मिलक, शाहबाद और बिलासपुर समेत उन क्षेत्रों में विशेष निगरानी की जा रही है, जहां बड़े पैमाने पर पनीर का उत्पादन होता है। अधिकारी ने बताया कि खाद्य विभाग की कार्रवाई के बाद कई पनीर प्रतिष्ठानों पर ताले लगे मिले हैं। अब ऐसे प्रतिष्ठानों की भी निगरानी की जा रही है, ताकि संचालक दूसरे स्थानों पर पनीर तैयार कर बिक्री न कर सकें। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया कि दूध, पनीर और मानव स्वास्थ्य से जुड़े अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग की टीमें लगातार प्रतिष्ठानों की जांच कर रही हैं और नियमों का उल्लंघन मिलने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# हरदोई में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

## चारपाई पर मिला शव, गर्दन गमछे से बांस से बंधी थी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई जनपद के बघौली थाना क्षेत्र के नयापुरवा मजरा कोट गांव में 26 वर्षीय युवक विजय कुमार उर्फ गिल्लू का शव गुरुवार की सुबह करीब 8:30 बजे संदिग्धावस्था में उसके घर के छप्पर के नीचे चारपाई पर मिला। युवक की गर्दन छप्पर के बांस से बंधे गमछे से कसी हुई थी। घटना को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं करते रहे। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के पिता लज्जाराम ने बताया कि बुधवार को वह अपनी पत्नी लज्जावती के साथ सुरसा थाने के तुर्तीपुर स्थित अपनी बहन के घर गए हुए थे। उनका बड़ा बेटा गुड्डू काम के सिलसिले में लखनऊ में था, जिससे विजय घर पर अकेला था। गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने उन्हें बेटे के फांसी लगाने की सूचना दी।



माता-पिता के घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि शव चारपाई पर पड़ा था और गर्दन गमछे से बंधी थी। लज्जाराम ने दावा किया कि उनका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता। उन्होंने गांव में चल रही पुरानी रंजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके परिवार को पहले भी धमकियां मिली थीं और इसी रंजिश के चलते उनके बेटे के साथ कोई अनहोनी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**इंतजाम :** उन्नाव जेल में बन्द कैदियों को बहने बंधेगी राखियां, अंदर ही मिलेगी मिठाई

# महिला बंदियों की राखियां सीमा पर तैनात जवानों को भेजीं

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव जिला जेल में रक्षाबंधन पर्व को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर जेल प्रशासन ने बंदियों और उनके परिजनों की मुलाकात को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं। इस बार जेल में बंद महिला कैदियों ने अपने हाथों से राखियां तैयार की हैं, जिन्हें देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवानों के लिए भेजा गया है। जेल अधीक्षक नीरज देव के अनुसार, महिला बंदियों से राखियां तैयार कराने की पहल जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के सुझाव पर की गई। इसका उद्देश्य रक्षाबंधन के अवसर पर महिला बंदियों की रचनात्मक भागीदारी के साथ देश की रक्षा में जुटे जवानों के प्रति सम्मान और भाईचारे का संदेश देना है। रक्षाबंधन पर जेल में बंद भाइयों





से मिलने आने वाली बहनों के लिए जेल प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। मुलाकात के दौरान उन्हें चंदन, टीका, रोली, राखी का धागा और मिठाई उपलब्ध कराई जाएगी। जेल अधीक्षक ने बताया कि रक्षाबंधन जेल के लिए महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों से मिलने और उन्हें राखी बांधने के लिए जेल पहुंचती हैं। इसे देखते हुए मुलाकात की प्रक्रिया को व्यवस्थित रखने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। वर्तमान में उन्नाव जिला जेल में करीब 800 पुरुष बंदी निरुद्ध हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर इनसे मिलने और राखी बांधने के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं के पहुंचने की संभावना है। संभावित भीड़ को देखते हुए जेल प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की तैयारी की है।

### 10 महिला पुलिसकर्मी और महिला एसआई की मांग

जेल अधीक्षक के मुताबिक, जेल में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या पर्याप्त नहीं है। ऐसे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अतिरिक्त महिला पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। रक्षाबंधन के दौरान करीब 10 महिला पुलिसकर्मियों और एक महिला सब-इंस्पेक्टर को विशेष ड्यूटी पर तैनात करने की मांग की गई है। अतिरिक्त पुलिस बल मिलने से महिला मुलाकातियों की जांच और प्रवेश व्यवस्था को बेहतर तरीके से संभालने में मदद मिलेगी।

### जांच से लेकर मुलाकात तक रहेगी कड़ी निगरानी

**जेल अधीक्षक नीरज देव ने बताया कि महिला बंदियों द्वारा बनाई गई राखियां सीमा पर तैनात जवानों तक भेजने का उद्देश्य जेल के भीतर सुधार और सकारात्मक गतिविधियों का संदेश समाज और जवानों तक पहुंचाना है। प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा के साथ-साथ बहनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।**

रक्षाबंधन के दिन विशेष पुलिस बल की मौजूदगी में मुलाकातियों की जांच, प्रवेश और मुलाकात की प्रक्रिया कराई जाएगी। जेल प्रशासन ने कर्मचारियों को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। प्रशासन का प्रयास है कि बहनों को अपने भाइयों से शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में राखी बांधने का अवसर मिले और पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी बनी रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही को लेकर डीएम हुए सख्त

## बोले- सभी डॉक्टर समय पर अस्पताल पहुंचें, पूरी ओपीडी करें

**डीएम ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले किसी भी चिकित्सक या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक गुरुवार को विकास भवन सभागार में डीएम घनश्याम मीना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने, सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट



किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले किसी भी चिकित्सक या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। सभी डॉक्टरों को समय पर अस्पताल पहुंचने और निर्धारित समय तक मौजूद रहकर मरीजों को उचित उपचार देने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, संचारी रोग नियंत्रण, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड और आशा-संगिनी के भुगतान सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान करने और उनकी समय पर ब्लड, ब्लड प्रेशर, वजन तथा हीमोग्लोबिन की जांच कराने के निर्देश दिए। उनके उपचार पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। डीएम ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रसव स्थलों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराने पर जोर दिया और निजी संस्थानों में होने वाले प्रसवों की गहन जांच के आदेश दिए। कम वजन वाले नवजात बच्चों की बेहतर देखभाल और उनकी आवश्यक जांच समय पर कराने के निर्देश भी दिए गए।

# बच्चे ही देश चलाएंगे : अमरप्रीत सिंह

## गोरखपुर में पत्नी के साथ पहुंचे, छात्रों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का एक्शन दिखाया

**स्वागत**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर शहर से करीब 30km दूर माथाबारी गांव में गुरुवार को एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह पत्नी सरिता के साथ पहुंचे। यहां सरस्वती गुरुकुल में फूल बरसाकर उनका स्वागत किया गया। एयर चीफ मार्शल ने कहा- यही बच्चे एक दिन देश को चलाएंगे। गुरुकुल में बनाई गई लाइब्रेरी का एयर चीफ मार्शल की पत्नी ने शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाटक का मंचन किया। पहले पहलगाम में आतंकी हमले फिर भारत का आर्मी एक्शन दिखाया गया। इस दौरान भारत माता की जय के भी जयकारे लगे। एयर चीफ मार्शल ने कहा- आप बच्चों को जो



भी बनाएं, लेकिन सबसे पहले हमें एक अच्छा इंसान बनना है। अगर अच्छा इंसान उन्हें बना पाएंगे तो आगे जाकर वो अच्छा काम करेंगे। सभी के नाम के आगे अगर उसके सपनों का सरनेम है तो उसका मिडिल नेम इंसान रख दिया जाए। जैसे मोहित इंसान डॉक्टर, अर्पिता इंसान आईएएस।

> एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने कहा- जब भी किसी स्कूल में यंग जनरेशन से मिलो तो बहुत खुशी होती है। आप सब लोग देश का भविष्य हैं। यह देश कुछ अच्छा करता है तो भी आपके कारण ही होगा। अच्छा नहीं करता है तो भी आपके कारण होगा। आप सबको बड़े होकर इस देश को चलाना है।

### यंग जनरेशन से मिलकर बहुत खुशी होती है

बच्चे जब कोई खंभा गाड़ते हैं तो पहले गड्ढा खोदते हैं। फिर खंभा गाड़ने के बाद उसके अगल-बगल कंक्रीट डाला जाता है। उसके सूखने पर खंभे को चाहे जितना हिलाओ, नहीं हिलेगा। क्योंकि, उसकी जड़ मजबूत हो जाती हैं। आज जब आप पढ़ रहे हों, वह आपकी जड़ है। बड़े होकर आप कितने काबिल बनोगे, वह इसी जड़ पर निर्भर करेगा।

### आजादी की कीमत के बारे में बच्चों को बताते रहिए

एयर चीफ मार्शल ने बच्चों के माता-पिता और शिक्षकों से कहा- देश के बारे में बच्चों को नहीं बताएंगे तो कल जब उन्हें बड़े होने पर यह पता नहीं चलेगा कि हमारा देश क्या है। तब उन्हें आजादी की कीमत नहीं पता चलेगी। इसलिए ये बात बार-बार बताना बड़ों का कर्तव्य है। आज बच्चों को जो सिखाया जा रहा, उसे अच्छे से सीखे। जो टीचर बोलें, घर में माता-पिता बोलें, उसे करना है। आप अभ्यास करोगे तो अच्छा बनोगे। कोशिश हमेशा जारी रहनी चाहिए। एक बार आपने ठान लिया, तो उसके लिए प्रयास करते रहें।

### मऊ में रक्षाबंधन पर सुरक्षा बढ़ाई गई

मऊ। मऊ में रक्षाबंधन पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। राखी बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और प्रमुख मार्गों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। महिलाओं की सुरक्षा और शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर दर्जनों महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी कमलेश बहादुर और अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार को रक्षा सूत्र बांधा और पर्व की शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी कमलेश बहादुर ने बताया कि शुक्रवार को होने वाले रक्षाबंधन पर्व को लेकर सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। राखी बाजारों और महिलाओं की खरीदारी वाले प्रमुख स्थानों पर विशेष पुलिस ड्यूटी लगाई गई है। महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है।

## बारिश में भी नहीं रुकीं मीनाक्षी भराला

### भाइयों की सुरक्षा के लिए हाईवे पर बांटे हेलमेट, रक्षाबंधन पर अनूठी पहल

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। रक्षाबंधन के पर्व पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने भाई-बहन के रिश्ते को सड़क सुरक्षा के संदेश से जोड़ते हुए अनूठी पहल की। मेरठ-करनाल हाईवे स्थित नानू पुल पर भारी बारिश के बीच उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए और सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया। हाईवे से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने के महत्व की जानकारी दी गई। मीनाक्षी भराला ने कहा कि रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना करती हैं, ऐसे में सड़क पर उनकी सुरक्षा भी बेहद जरूरी है। हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में जीवन बचाने वाला महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। उन्होंने वाहन चालकों से



अपील की कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाएं, तेज रफ्तार से बचें और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करें। साथ ही परिवार के सदस्यों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। भारी बारिश के बावजूद हेलमेट वितरण और जागरूकता अभियान जारी रहने से मौके पर मौजूद लोगों ने पहल की सराहना की। रक्षाबंधन पर आयोजित यह अभियान 'भाई की कलाई पर राखी, सिर पर हेलमेट' जैसे सुरक्षा संदेश के साथ लोगों के बीच चर्चा का विषय बना।

**फास्ट न्यूज**

### बीकेटी नगर पंचायत में डी-फ्रीजर सुविधा नहीं

लखनऊ। लखनऊ नगर पंचायत बीकेटी में शवों को सुरक्षित रखने के लिए डी-फ्रीजर की सुविधा उपलब्ध न होने से ग्रामीणों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सुविधा न होने के कारण अंतिम संस्कार में देरी होने पर परिजनों को शवों को सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ती है। परिजन अक्सर बाहर से डी-फ्रीजर किराए पर मंगवाने के लिए मजबूर होते हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है।

### मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियां तेज

बलिया। बलिया में मुख्यमंत्री के 29 अगस्त को प्रस्तावित जनपद दौरे के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने तहसील बांसडीह अंतर्गत ग्राम गलाफरपुर स्थित प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, मुख्यमंत्री के स्वागत, कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं तथा हेलीपैड निर्माण की तैयारियों की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली।

### डीपीएसजी मेरठ रोड ने बैंडी में जीते पांच पदक

गाजियाबाद। दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, मेरठ रोड (डीपीएसजी) के खिलाड़ियों ने बैंडी स्टेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। देहरादून स्थित हिमाद्रि आइस स्केटिंग रिंक में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण और चार रजत सहित कुल पांच पदक जीते। अंडर-19 बालक वर्ग में अर्श सूर्यवंशी, अव्यान यादव और कुणाल सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 बालिका वर्ग में सुकृति तिवारी ने रजत पदक अपने नाम किया।

## पेट्रोल पंप कर्मचारियों से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार, स्कॉर्पियो बरामद

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और बिना भुगतान किए जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त को कानपुर रोड स्थित अश्विन ऊर्जा एचपी पेट्रोल पंप पर स्कॉर्पियो सवार तीन लोग और उनके साथियों ने वाहन में पेट्रोल भरवाया था। आरोप है कि पेट्रोल का भुगतान न करने पर कर्मचारियों ने जब उनसे पैसे मांगे तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। मामले में पेट्रोल पंप के मैनेजर चन्द्रमणि की तहरीर पर सरोजनीनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया। तकनीकी साक्ष्यों,



मैनुअल प्रयास और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से पुलिस ने इशांत सिंह सेंगर (30), निवासी अर्जुनगंज, लखनऊ को 27 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में पहले से भी एक मुकदमा दर्ज है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद ने रक्षाबंधन पर देश व प्रदेशवासियों को दी बधाई व शुभकामनायें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व उत्तर प्रदेश विधान परिषद मे नेता सदन, श्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाई-बहन के असीम प्रेम, अटूट विश्वास एवं समर्पण के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना सन्देश में श्री मौर्य ने कहा है कि है कि यह पावन व पुनीत पर्व सभी के जीवन में प्रेम, सद्भाव, समृद्धि और सौहार्द की वृद्धि करें। उप मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना सन्देश मे कहा है कि रक्षाबंधन का पावन पर्व भारतीय संस्कृति की उस अद्भुत परंपरा का उत्सव है, जो स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के अटूट बंधन को दर्शाता है। यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा, और परिवार व समाज में आपसी स्नेह और सम्मान को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम नारी सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहें।

## रक्षाबंधन पर एमआईईटी स्कूलों में सजी रिश्तों की डोर, प्रकृति संरक्षण का भी दिया संदेश

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एमआईईटी पब्लिक स्कूल, पल्लवपुरम और एमआईईटी पब्लिक स्कूल, जागृति विहार में विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के साथ भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का प्रयास किया गया। पल्लवपुरम स्थित विद्यालय में आयोजित विशेष सभा में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रेम, विश्वास, सम्मान और सहयोग की भावना को अभिव्यक्त किया। इस दौरान हाथ से राखी निर्माण, 'छापो और चिपकाओ राखी', 'मेरी कलाई पर भारत', कार्टून आधारित राखी, 'राखी अभिव्यक्ति मंच' और 'रक्षा



संकल्प पेटी' जैसी गतिविधियां कराई गईं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पेड़ों को राखी बांधना रहा। विद्यार्थियों ने वृक्षों को राखी बांधकर प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं, जागृति विहार स्थित स्कूल में राखी मेकिंग एवं थाली मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी राखियां और आकर्षक पूजा की थालियां तैयार कर अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। रंगों, रिबन, मोतियों और विभिन्न सजावटी सामग्रियों से तैयार की गई राखियों और थालियों ने विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल बना दिया। विद्यालयों की प्रधानाचार्याओं एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास विकसित करने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति, परंपराओं और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ती हैं। साथ ही, ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, संवेदनशीलता, सहयोग और प्रकृति के प्रति संरक्षण की भावना भी विकसित करते हैं। दोनों विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों ने रक्षाबंधन के पर्व को केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित न रखते हुए भारतीय संस्कृति, रचनात्मकता, पारिवारिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण का व्यापक संदेश दिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की गई और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया।

## उ0प्र0 पुरातत्व विभाग द्वारा अभिरुचि कार्यक्रम के अंतर्गत सरयूपार क्षेत्र के ऐतिहासिक

### पुरातात्विक एवं भू-आकृतिक परिदृश्य पर व्याख्यान आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आज उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय, लखनऊ द्वारा आयोजित "पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम, 2026" के आठवें दिन के सत्र में प्रोफेसर दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने Ancient Settlement Patterns & Geomorphology of Saryupara Region विषय पर महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने वर्तमान बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा एवं श्रावस्ती जनपदों को सम्मिलित करने वाले सरयूपार क्षेत्र के ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं भू-आकृतिक परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि प्राचीन मानव बसावटों के अध्ययन में नदी तंत्र, बाढ़ क्षेत्र, भू-आकृति तथा भूमि की ऊँचाई का विशेष महत्व है। गंगा मैदान के उत्तरी भाग में स्थित सरयूपार क्षेत्र में नदियों एवं उनकी सहायक धाराओं द्वारा निर्मित भू-परिदृश्य ने विभिन्न कालों की मानव बसावटों को




प्रभावित किया। इसी भौगोलिक पृष्ठभूमि में श्रावस्ती सहित कोसल क्षेत्र ने प्राचीन भारत के राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने श्रावस्ती, सपुर (जनपद गोण्डा), चरदा (जनपद बहराइच), ओरझार (जनपद बलरामपुर) तथा पिरिवितानीसरिफ-त्रिलोकपुर जैसे प्रमुख पुरातात्विक स्थलों के उत्खनन एवं सांस्कृतिक अनुक्रम पर विस्तार से चर्चा की। इन स्थलों से प्राक्-एनबीपीडब्ल्यू, एनबीपीडब्ल्यू, शुंग, कुषाण, गुप्त तथा मध्यकालीन संस्कृतियों के महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। रेडियोकार्बन तिथियों के आधार पर क्षेत्र की प्रारम्भिक बसावटों की प्राचीनता एवं सांस्कृतिक निरंतरता को समझने में महत्वपूर्ण सहायता मिली है।

# हनी ट्रैप में फंसाकर कराई युवक की हत्या

## मुख्य आरोपी के कहने पर फोन से बढ़ाई करीबी, वारदात वाले दिन फोन कर बुलाया

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में युवक के अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस की जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, मोनू को अगवा करने के लिए आरोपियों ने हनी ट्रैप का सहारा लिया था। मुख्य आरोपी नेम कुमार और उसके भतीजे पुनीत ने अपनी ट्रैक्टर एजेंसी में काम करने वाली खुशबू मौर्य को इस साजिश में शामिल किया। नेम के कहने पर खुशबू ने मोनू से पहले रॉन्ग नंबर के बहाने फोन पर बातचीत शुरू की और धीरे-धीरे उसे अपनी बातों में फंसा लिया। घटना वाले दिन खुशबू ने ही फोन कर मोनू को पूरामुफ्ती थाने के पास बुलाया था। पुलिस के अनुसार, मोनू के वहां पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे नेम कुमार और पुनीत ने उसे अगवा कर लिया। इसके बाद उसकी

### मोबाइल की आखिरी कॉल ने खोला राज

*मोनू की तलाश के दौरान पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिपोर्ट निकलवाई। सीडीआर की जांच में सामने आया कि घटना से पहले उसके मोबाइल पर अंतिम कॉल खुशबू मौर्य की थी। इस कॉल को पुलिस ने जांच की अहम कड़ी माना। पुलिस ने नेम कुमार से पूछताछ की तो उससे खुशबू के बारे में सवाल किए गए। पूछताछ में पता चला कि खुशबू उसी की ट्रैक्टर एजेंसी में काम करती थी। इसके बाद पुलिस ने खुशबू को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि नेम कुमार के कहने पर ही उसने मोनू को घटना वाले दिन फोन किया था और उसे पूरामुफ्ती थाने के पास बुलाया था।*



हत्या कर शव यमुना नदी में फेंक दिया।

पुलिस शव की तलाश में जुटी है। पुलिस ने खुशबू को भी गिरफ्तार कर लिया है। 27 वर्षीय खुशबू मौर्य कौशांबी के संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गुलकइयापुर की रहने वाली है।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि पूरी साजिश कब और कैसे तैयार की गई थी तथा हत्या की वजह क्या थी। हालांकि अब तक मोनू का शव बरामद नहीं हो पाया है।

पुलिस का कहना है कि शव की तलाश लगातार जारी रहेगी। एसीपी धूमनगंज रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार को करीब आठ घंटे तक यमुना में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन शव नहीं मिला। गुरुवार को एक बार फिर नए सिरे से तलाश शुरू की जाएगी। पुलिस नदी के संभावित बहाव क्षेत्र और किनारे के गांवों में भी निगरानी कर रही है।

### 8 घंटे तक यमुना में चला सर्च ऑपरेशन

इधर बुधवार को मोनू के शव की तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने करीब आठ घंटे तक यमुना नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। सुबह करीब 11 बजे से शाम सात बजे तक कौशांबी-चित्रकूट बॉर्डर पर महिला घाट के आसपास नदी में तलाश की गई।

टीमों ने नदी में जाल भी डलवाया, लेकिन शव का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक घटना को 6 दिन बीत चुके हैं। इस समय यमुना में पानी का बहाव काफी तेज है। ऐसे में आशंका है कि शव नदी की धारा में बहकर काफी दूर निकल गया होगा। इसी संभावना को देखते हुए प्रयागराज और कौशांबी में यमुना के किनारे बसे गांवों के आसपास भी पुलिस टीमों से खोजबीन कराई गई है।

**आत्महत्या : रास्ते की विवाद की डीएम-एसडीएम से 100 बार शिकायत की, अब न्याय चाहिए**

# महिला ने सुसाइड किया, बेटा बोला-लाश नहीं उठाएंगे

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में रास्ते के विवाद से परेशान एक 50 साल की महिला ने टॉयलेट में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। जब बेटे ने शौचालय जाने के लिए दरवाजा खोला, तो मां फंदे से लटकती मिली। उसने चिल्लाकर परिवार के लोगों को बुलाया। पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने की बात कही, तो परिजन ने इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, हमारे रास्ते पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। जब रास्ता ही नहीं है, तो शव किस रास्ते से लेकर जाएंगे? पहले विवाद का निपटारा हो, उसके बाद ही शव को पोस्टमॉर्टम या अंतिम संस्कार के लिए ले जाने देंगे। घटना बड़ागांव थाना क्षेत्र के अहरक गांव में बुधवार शाम 7 बजे हुई। 20 घंटे बीत जाने



कविता उपाध्याय मतक

के बाद गुरुवार शाम तक परिजन कविता उपाध्याय के शव को घर में बर्फ की सिल्लियों पर रखे हुए हैं। बेटे का आरोप है कि मां 2 साल से अफसरों के चक्कर लगा रही थीं। उन्होंने डीएम और एसडीएम से 100 बार शिकायत की थी। डीएम कार्यालय के बाहर धरना भी दिया, लेकिन न्याय नहीं मिला। बेटे ने बताया कि मां अक्सर कहती थीं- न्याय नहीं मिला तो जान दे दूंगी। मेरी मौत के बाद ही प्रशासन नींद से जागेगा। अब अगर पुलिस और प्रशासन चाहता है कि मां का अंतिम संस्कार हो, तो विवाद का निपटारा कराए। जीते जी न सही, मरने के बाद तो मां को न्याय दिलाए। फिलहाल, भारी संख्या में

- **रास्ता विवाद को समझने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया।**
- **एसडीएम पिंडरा कुंदन राज कपूर ने परिजनों से विवाद के संबंध में जानकारी ली।**
- **नाराज परिजनों ने शव को बर्फ पर रख दिया। कहा कि अंतिम संस्कार तभी होगा जब रास्ता विवाद खत्म होगा।**

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। परिवार को समझाने में जुटे हैं। बेटे विशाल उपाध्याय ने बताया कि परिवार करीब दो साल से अधिकारियों के चक्कर काट रहा था। लेकिन न्याय नहीं मिला। अहरक गांव में संतोष उपाध्याय का मकान है। संतोष दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं। गांव में पत्नी कविता उपाध्याय, बेटा विशाल उपाध्याय और मां रहते हैं। पिता लक्ष्मी नारायण उपाध्याय का काफी पहले निधन हो चुका है। बेटा विशाल MA की पढ़ाई कर रहा है। बेटे विशाल ने बताया कि घर से बाहर 6 फीट चौड़ी सरकारी जमीन थी। इसी से हमारा आना-जाना होता था। 2 साल पहले मनीष और अमित उपाध्याय के परिजनों ने इस जमीन पर कब्जा कर लिया। चारों तरफ दीवार खड़ी कर दी। इसके बाद हमारा रास्ता बंद हो गया। इससे हमारे पास उस जमीन के



बगल से सिर्फ दो फीट का वैकल्पिक रास्ता बचा। मां कविता उपाध्याय ने मामले में आखिरी शिकायत 22 जुलाई 2026 को डीएम की जनसुनवाई में की गई थी। इसमें 12 अगस्त को आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया।

# लखनऊ में डीसीएम ने 13 साल की लड़की को रौंदा

## मौत, ग्रामीणों ने ड्राइवर-क्लीनर को पीटा, पुलिस की गाड़ी के आगे खड़े होकर रोड जाम किया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम तेज रफ्तार डीसीएम ने साइकिल से जा रही 13 वर्षीय किशोरी को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। किशोरी की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने बनी-मोहान रोड पर जाम लगा दिया। ग्रामीण सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों का आरोप था कि तेज रफ्तार डीसीएम की वजह से यह हादसा हुआ। घटना के बाद



मौके पर तनाव की स्थिति बन गई और ग्रामीणों ने सड़क पर आवागमन रोक दिया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने डीसीएम के चालक और क्लीनर को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने दोनों की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दोनों को ग्रामीणों के बीच से निकालकर हिरासत में ले लिया। पुलिस दोनों को जीप में बैठाकर मौके से ले जाने का प्रयास कर रही थी, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस वाहन को घेर लिया। ग्रामीण चालक और क्लीनर को पुलिस के साथ ले जाने का विरोध कर रहे हैं। कई ग्रामीण पुलिस की जीप के आगे खड़े हो गए और दोनों को ले जाने नहीं दे रहे हैं। इससे मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस अधिकारी ग्रामीणों को समझाने और सड़क से हटाने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकारियों की ओर से ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा देकर स्थिति सामान्य कराने की कोशिश की जा रही है। घटना के बाद मौके पर पुलिस बल मौजूद है। पुलिस अधिकारी ग्रामीणों से बातचीत कर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल प्राथमिकता सड़क पर यातायात बहाल कराने और स्थिति को नियंत्रण में रखने की है। पुलिस हादसे की परिस्थितियों की जांच के साथ डीसीएम चालक और क्लीनर से भी पूछताछ कर रही है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अचानक बस रोकी, 3 की मौत

## रक्षाबंधन मनाने जा रहे थे, ड्राइवर बाथरूम के लिए उतरा, ट्रक ने टक्कर मारी

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या/सुल्तानपुर। यूपी के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बस को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई। 20 यात्री घायल हैं। इनमें 5 गंभीर हैं। गुरुवार तड़के 5.30 बजे ड्राइवर को पेशाब लगी। उसने एक्सप्रेस-वे पर थोड़ा किनारे करके बस रोक दी। नीचे उतरकर चला गया। तभी तेज रफ्तार ट्रक आया और पीछे से बस में घुस गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि 4-5 फीट बस पिचक गई। बस में चीख-पुकार मच गई। हादसे के वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। पिछले हिस्से की 3-4 सीट पर बैठे यात्री खून से लथपथ हो गए। बस गुड़गांव से गोरखपुर के रास्ते बिहार जा रही थी। 80 यात्री सवार थे। सभी रक्षाबंधन मनाने अपने-अपने घर जा रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे-तैसे सीट के बीच में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक को लेकर भाग गया। हादसा जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर बल्दीराय थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे में जिन 3 यात्रियों की मौत हुई। उनमें एक महिला, दो पुरुष हैं। सभी बिहार के रहने वाले थे।



- बस का पिछला हिस्सा 2 फीट तक पिचक गया। टक्कर बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया।
- घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर्स की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

> बल्दीराय थाना क्षेत्र के सीओ आशुतोष कुमार ने बताया- हादसे में 3 की मौत हो गई। कई यात्री घायल हैं। क्रेन से बस को हटाया गया। मृतकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

### गुड़गांव से शाम 4 बजे चली थी, ड्राइवर ने उतरते वक्त गेट बंद किए



बस सवार यात्रियों ने बताया- स्लीपर बस मां शीतला ट्रैवल की थी। गुड़गांव से टिकट बुक कराई थी। बुधवार शाम 4 बजे बस वहां से रवाना हुई। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ड्राइवर बार-बार बस रोककर सवारियों को उतार और चढ़ा रहा था। यात्रियों ने कई बार उसे मना किया, लेकिन उसने उनकी बात नहीं मानी। एक्सप्रेस-वे के किनारे बस खड़ी कर बाथरूम चला गया। बस का दरवाजा बंद होने की वजह से कोई यात्री नीचे नहीं उतर पाया। इसी दौरान हादसा हो गया।

### हादसे में मां की मौत, बेटा घायल

हादसे में घायल एक यात्री सुशील मंडल ने बताया- मैं और मेरी मां किरन देवी गुड़गांव से बस में सवार हुई थीं। हमें रक्षाबंधन पर सुपौल जाना था। 2,800 रुपए का टिकट लिया था। बस में काफी भीड़ थी, इसलिए पीछे की सीट मिलीं।

### धमाके की आवाज से खुली नींद

घायल यात्री आकाश कुमार ने बताया- हम लोग बस में सो रहे थे। इसी बीच अचानक तेज धमाका हुआ और लोग चीखने-चिल्लाने लगे। मेरी नींद खुली तो देखा कि सिर से खून बह रहा था। बस से नीचे उतरा तो देखा कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। टक्कर से बस कुछ दूर तक घिसटती चली गई। पुलिस CCTV फुटेज खंगालकर टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश कर रही है।



घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर्स की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

### पेड़ों को रक्षा सूत्र बांध नौनिहालों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

बलदेव (मथुरा)। विकासखंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में छात्र-छात्राओं ने रक्षाबंधन पर्व अनूठे अंदाज में मनाया। विद्यालय शिक्षक परिवार के साथ बच्चों ने वृक्षबंधन कार्यक्रम आयोजित कर पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधे और उनकी रक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने पेड़ों को अपना सच्चा मित्र बताते हुए समाज को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाध्यापक डॉ. जगदीश पाठक ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। आज इनकी रक्षा करेंगे तो भविष्य में ये हमें शुद्ध वायु, जल और सुरक्षित वातावरण देंगे। रक्षाबंधन का पर्व प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी संदेश देता है। बच्चों ने पर्यावरण जागरूकता से जुड़े बैनर हाथों में लेकर लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में गीता सक्सेना, ममता रानी, अचल कुमार और प्रेमचंद्र सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

**फास्ट न्यूज**

### शोक जताने पहुंचे विधायक ग्रामीणों पर भड़के

आगरा। आगरा के फतेहाबाद में शोक संवेदना जताने पहुंचे भाजपा विधायक छोटेलाल वर्मा का ग्रामीणों पर गुस्सा करने का वीडियो सामने आया है। बुधवार को विधायक चाचीपुरा खंडेर के ठार रामदास गांव में एक परिवार के यहां पहुंचे थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने गांव के खराब रास्ते की समस्या बताई तो विधायक नाराज हो गए।

### ट्रेन की चपेट में आने से सीआईएसएफ जवान की मौत

अलीगढ़। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय हुए हादसे में CISF जवान विवेक डागुर की मौत हो गई। वह ओडिशा में तैनात थे और दिल्ली पुलिस की शारीरिक परीक्षा में शामिल होने के लिए घर लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही उनके पैतृक गांव सालपुर में शोक की लहर दौड़ गई। हालांकि, हादसा किस ट्रेन से और किस समय हुआ, इसकी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। परिजनों के मुताबिक, विवेक करीब दो साल पहले CISF में भर्ती हुए थे। वह दो भाइयों में बड़े थे। उनके छोटे भाई अभिषेक डागुर भी करीब छह महीने पहले CISF में भर्ती हुए हैं।

### 10 साल बाद मिला स्वाइन फ्लू का केस

मुरादाबाद। मुरादाबाद में करीब 10 साल बाद स्वाइन फ्लू (H1N1) का पेशेंट मिला है। गाजियाबाद से मुरादाबाद अपने मायके में आई एक महिला चिकित्सक की जांच रिपोर्ट स्वाइन फ्लू पॉजिटिव आई है। इसके बाद से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप की स्थिति है। महिला चिकित्सक को शहर के एक निजी अस्पताल में आइसोलेट किया गया है। इसके साथ ही उनकी फैमिली की भी जांच की गई है।

## आस्था पर भारी अव्यवस्था, जाम में फंसे हजारों श्रद्धालु

ई-रिक्शाओं और चार पहिया वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही से परिक्रमा मार्ग पर बिगड़े हालात

**तमसा संकेत, संवाददाता**

गोवर्धन। सावन के पवित्र महीने में गिरिराज जी की परिक्रमा के लिए उमड़ रहे हजारों श्रद्धालुओं को गोवर्धन में अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात परिक्रमा मार्ग पर वाहनों के जाम और ई-रिक्शाओं की मनमानी के चलते पैदल परिक्रमा कर रहे श्रद्धालु घंटों परेशान रहे। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भीड़ के बीच फंसकर रह गए। श्रद्धालुओं के अनुसार परिक्रमा मार्ग पर ई-रिक्शाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। निर्धारित रूट और प्रभावी नियंत्रण के अभाव में ई-रिक्शा चालक मार्ग पर ही सवारियां बैठाते और उतारते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है। चार पहिया वाहनों की आवाजाही ने समस्या को और गंभीर कर दिया है। परिक्रमा मार्ग पर यातायात नियंत्रण के लिए पुलिसकर्मी तैनात होने के बावजूद वाहनों की आवाजाही पर प्रभावी



अंकुश नहीं लग पा रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि भीड़ के बीच वाहनों का प्रवेश इसी तरह जारी रहा तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। स्थानीय दुकानदारों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से सावन मास में परिक्रमा मार्ग पर चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह रोकने, ई-रिक्शाओं के लिए निर्धारित रूट और समय तय करने तथा भीड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस व होमगार्ड तैनात करने की मांग की है।

## यूएसए भेजा जाएगा गर्लफ्रेंड का हत्यारोपी इंजीनियर

### आगरा में अरेस्ट हुआ, तमिलनाडु में ढूंढती रही पुलिस, पुरानी एफआईआर ने दिखाया रास्ता

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा में छिपकर रह रहा अमेरिका में पूर्व प्रेमिका की हत्या का आरोपी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर अर्जुन शर्मा को आगरा के कहरई स्थित शंकर ग्रीन अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया है। अमेरिका के मैरीलैंड में 27 वर्षीय निकिथा गोडिशाला की चाकू मारकर हत्या के बाद अर्जुन भारत भाग आया था। उसके खिलाफ अमेरिका में प्रथम और द्वितीय डिग्री मर्डर के आरोप में वारंट जारी था। अब अमेरिका ने भारत से उसके प्रत्यर्पण की मांग की है। हत्या के बाद से यहां पुलिस उसकी तलाश तमिलनाडु में कर रही थी। जबकि अर्जुन 15 दिनों से आगरा में ही रह रहा था। बाद में उसके आगरा में होने की जानकारी मिली। अब उसको अमेरिका भेजने की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अमेरिका से भागने के बाद अर्जुन



निकिथा गोडिशाला
मृतक

हत्यारोपी इंजीनियर
अर्जुन शर्मा

के भारत पहुंचने की जानकारी जांच एजेंसियों को मिली थी। जनवरी 2026 में उसके तमिलनाडु में होने की जानकारी सामने आई थी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी तलाश की जा रही थी। उस समय अमेरिकी एजेंसियां भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर उसे पकड़ने की कोशिश कर रही थीं। बाद में उसका पता आगरा से जुड़ा। हैदराबाद के लल्लागुड़ा थाने में दर्ज एक अलग एफआईआर में भी अर्जुन संदिग्ध बताया गया है। इसी मामले की जांच के दौरान उसके आगरा के पते पर नोटिस भेजा गया था। अमेरिकी पुलिस के मुताबिक, निकिथा की हत्या 31 दिसंबर 2025 की शाम करीब 7 बजे के बाद की गई।

### मंगलवार की रात हैदराबाद पुलिस ने फ्लैट में छापा मारा

थाना प्रभारी एकता सौरभ कुमार ने बताया कि हैदराबाद से दो पुलिसकर्मी आए थे। उन्हें हत्यारोपी के सोशल मीडिया और सर्विलांस से सटीक लोकेशन तलाशने में मदद मिली थी। उन्होंने आरोपी अर्जुन को पकड़ने के लिए हेल्प मांगी। आगरा पुलिस ने उनके साथ अपार्टमेंट के 12वें फ्लोर पर मंगलवार की रात करीब 12:30 बजे फ्लैट में छापा मारा। अर्जुन वहां पर अकेला था। पुलिस करीब 15 मिनट फ्लैट में रुकी। उसको गिरफ्तार किया और फ्लैट की तलाशी ली। इसके बाद हैदराबाद पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट दिल्ली के लिए ले गई।

### हत्या के अगले दिन अमेरिका छोड़कर भागा

हत्या के बाद मामले में सबसे बड़ा सुराग अर्जुन की गतिविधियां बनीं। पुलिस के मुताबिक, उसने निकिथा के लापता होने की शिकायत की और बताया कि उसने उसे आखिरी बार 31 दिसंबर को अपने अपार्टमेंट में देखा था। इसके बाद अर्जुन अमेरिका छोड़कर भारत भाग आया। अमेरिकी जांचकर्ताओं ने उसके अपार्टमेंट की तलाशी ली तो निकिथा का शव एक सूटकेस में रखा मिला। इसके बाद उसके खिलाफ प्रथम और द्वितीय डिग्री मर्डर के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया।

> निकिथा के पिता आनंद गोडिशाला ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी और अर्जुन के बीच पैसों को लेकर विवाद था। परिवार के मुताबिक, निकिथा ने अर्जुन को पैसे उधार दिए थे और वह रकम वापस मांग रही थी। परिवार का आरोप है कि इसी विवाद के चलते अर्जुन ने निकिथा को अपने अपार्टमेंट में बुलाया और उसकी हत्या कर दी।

### आगरा में आर्किटेक्ट को बनाया शिकार, फर्जी एप पर करोड़ों का मुनाफा दिखाया

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 88.99 लाख का हुआ साइबर फ्रॉड

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा में साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग में कई गुना मुनाफे का झांसा देकर एक आर्किटेक्ट से 88.99 लाख रुपये ठग लिए। पहले उन्हें बिना अनुमति WhatsApp ग्रुप में जोड़ा। खुद को सेबी से पंजीकृत कंपनी बताया। इसके बाद फर्जी एप पर निवेश की रकम के साथ भारी मुनाफा दिखाते रहे। भरोसा होने पर पीड़ित ने 13 से 17 अगस्त के बीच 10 बार में पूरी रकम एक ही बैंक खाते में जमा कर दी। एप पर पैसा बढ़ता हुआ दिखता रहा, लेकिन जब रकम अपने खाते में निकालने की कोशिश की तो ट्रांसफर नहीं हुई। इसके बाद ठगों ने और रकम जमा करने को कहा। यहीं पीड़ित को शक हुआ और पूरा फर्जीवाड़ा सामने आ गया।

### सेबी और एचडीएफसी सिक्योरिटीज के नाम से बनाया भरोसा

यशवीर के मुताबिक, निशा वर्मा ग्रुप में लगातार निवेश के लिए दबाव बनाती थी। वह दावा करती थी कि उनकी कंपनी सेबी से पंजीकृत है और HDFC Securities DMA Market से रजिस्टर्ड है। निवेश पर कई गुना मुनाफे का दावा किया जाता था। ग्रुप में मुनाफे के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए जाते थे। इससे निवेश करने वालों को लगता था कि बाकी लोग पहले से पैसा लगाकर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। इसी झांसे में यशवीर भी आ गए।

### फर्जी कंपनी के नाम पर पूरा जाल

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि साइबर ठगों ने पहले भरोसा बनाने के लिए कंपनी को सेबी से पंजीकृत बताया। WhatsApp ग्रुप के जरिए निवेश के फायदे बताए गए। मुनाफे के स्क्रीनशॉट दिखाए गए। इसके बाद फर्जी एप पर रकम और मुनाफा दिखाकर पीड़ित का भरोसा कायम रखा गया। जब बड़ी रकम जमा हो गई और उसे निकालने की कोशिश हुई तो अतिरिक्त रकम जमा कराने का दबाव बनाया गया। डीसीपी साइबर क्राइम आदित्य सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### 10 बार में जमा किए 88.99 लाख

इसके बाद यशवीर ने 13 अगस्त से 17 अगस्त के बीच अलग-अलग ट्रांजैक्शन किए। कुल 10 बार में 88.99 लाख रुपये एक ही बैंक खाते में जमा कराए गए। हर बार रकम जमा होने के बाद फर्जी एप पर उसका बैलेंस दिखाई देता था। एप में निवेश की रकम बढ़ती हुई नजर आती रही। इससे यशवीर को भरोसा रहा कि उनका पैसा शेयर ट्रेडिंग में लगा है और मुनाफा भी हो रहा है।

**कुछ समय बाद यशवीर ने एप में दिखाई जा रही रकम अपने निजी बैंक खाते में ट्रांसफर करने की कोशिश की। लेकिन रकम ट्रांसफर नहीं हुई। उन्होंने इसकी जानकारी निशा वर्मा को दी। आरोप है कि इसके बाद रकम वापस दिलाने के बजाय उनसे और पैसा जमा करने को कहा गया। यहीं यशवीर को शक हुआ कि कहीं उनके साथ साइबर ठगी तो नहीं हो रही। इसके बाद उन्होंने सेबी से कंपनी के बारे में जानकारी की। जांच में उन्हें पता चला कि जिाम पर निवेश कराया जा रहा था, वह फर्जी थी।**



## रक्षाबंधन से पहले खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 17 नमूने लिए



**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरी के खिलाफ मथुरा और वृंदावन क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. जतिन कुमार सिंह के निर्देशन में खाद्य सचलदल ने विभिन्न मिठाई प्रतिष्ठानों और खाद्य कारोबारियों के यहां जांच कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। टीम ने छौली, बल्देव से खोआ, महावन से खीर मोहन तथा मंडी चौराहा स्थित मिठाई प्रतिष्ठानों से घेवर, बर्फी, नमकीन, काजू बर्फी और खोआ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। वृंदावन स्थित रॉयल भारती स्वीट्स और भारती स्वीट्स से छेना मिठाई, काजू कतली, घेवर और राजभोग के नमूने भी लिए गए। खाद्य विभाग ने कुल 17 नमूने जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजे हैं। अधिकारियों के अनुसार जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। रक्षाबंधन से पहले हुई कार्रवाई से मिठाई कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### टीएमसी का ममता ...

इसलिए इस स्तर पर चार खातों के बारे में अलग आदेश की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि खातों को किस गुट को दिया जाना है, इस पर पहले चुनाव आयोग को फैसला करना चाहिए। TMC में एक गुट ममता बनर्जी के नेतृत्व वाला है, जबकि दूसरा पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाला है। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम थाने की जांच रिपोर्ट भी कोर्ट के सामने रखी गई। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले TMC गुट ने 7 जुलाई को पुलिस साइबर सेल की ओर से चार बैंक खाते फ्रीज किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया था। TMC की तरफ से कोर्ट में मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि 9 जुलाई के आदेश के तहत करीब 200 कर्मचारियों की सैलरी और पार्टी के कुछ कार्यालयों का किराया दिया जा रहा है। 18 जून को बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि TMC के एक निजी बैंक में मौजूद तीन खाते अपराध की कमाई रखने के लिए इस्तेमाल किए गए हैं। FIR दर्ज होने के अगले ही दिन इन खातों से डेबिट लेनदेन पर रोक लगा दी गई। यह शिकायत TMC के बागी गुट के नेताओं, विधायक ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा की ओर से की गई थी। यही शिकायत बैंक खातों के फ्रीज होने का आधार बनी। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पार्टी के तीन बैंक खातों में जमा करीब 440 करोड़ रुपए फ्रीज किए हैं। जांच चार्टर्ड प्लेन और निजी जेट किराए पर लेने में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी बताई गई है।

### ओलंपिक खेलों में ...

पैरा एथलीट्स की सफलता समाज और परिवारों में नई उम्मीद जगाती है। शीतल के आर्चरी मेडल और अवनी लेखरा के दो मेडल ने जम्मू-कश्मीर और देश को गौरवान्वित किया। झंडू कुमार समेत कई पैरा एथलीट प्रेरणा दे रहे हैं। फौजा सिंह ने 100 साल की उम्र के बाद भी फिटनेस की मिसाल पेश की। युवाओं को स्क्रीन से ज्यादा स्पोर्ट्स सेंटर और प्लेग्राउंड चाहिए। हर युवा की भागीदारी भारत की ताकत है। नई तकनीक से खेलों में बदलाव आ रहा है और साइकोलॉजी व न्यूट्रिशन जैसे क्षेत्रों में नए करियर बन रहे हैं। पीएम ने युवाओं से नए अवसर अपनाने और खेलों पर नए विचार देने की अपील की। कार्यक्रम खेल मंत्रालय के 'खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात, PM के साथ' अभियान के तहत आयोजित किया गया। इसका मकसद युवाओं को भारत की खेल यात्रा से जोड़ना है। कार्यक्रम में भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के अलावा मौजूदा और पूर्व खिलाड़ी समेत अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता भी शामिल हुए। इनमें मनिका बत्रा, दीपा करमाकर, साइना नेहवाल, गगन नारंग, श्रीजेश, मैरी कॉम, बाइचुंग भूटिया, पुलेला गोपीचंद, अंजू बॉबी जॉर्ज, कर्णम मल्लेश्वरी और मीराबाई चानू शामिल हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी 9 अगस्त को कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों से मिले थे। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ मुलाकात की रील भी इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। इस बार खिलाड़ियों और युवाओं के साथ संवाद वर्चुअल होगा।

### न्यूयॉर्क में आरएसएस ...

दरअसल, भागवत के कार्यक्रम का न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी समेत कई संगठनों ने विरोध किया है। HAF ने आरोप लगाया कि हिंदू-अमेरिकियों को निशाना बनाने वाले कुछ एक्टिविस्ट कार्यक्रम को बाधित करने और रद्द कराने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, HAF की एडवाइजरी में किसी आतंकी या हिंसक खतरे की पुष्टि नहीं की गई है। HAF ने कार्यक्रम में आने वालों को विरोध करने वालों से टकराव से बचने और किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी सुरक्षा अधिकारियों या कानून प्रवर्तन एजेंसियों को देने की सलाह दी है। इमरजेंसी में 911 पर कॉल करने को भी कहा गया है। न्यूयॉर्क के मेयर मामदानी ने कहा था, 'मैं इस कार्यक्रम का समर्थन नहीं करता। मैं बांटने वाली विचारधारा का विरोध करता हूं। मेरे पास इस कार्यक्रम को रद्द करने का अधिकार नहीं है, इसलिए कार्यक्रम को रद्द नहीं किया जा सकता।' संगठनों में हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल और इंटरफेथ सेंटर ऑफ न्यूयॉर्क समेत कई इंटरफेथ और सिविल राइट्स शामिल हैं। ममदानी भारतीय मूल की फिल्ममेकर मीरा नायर और युगांडा के अकादमिक महमूद ममदानी के बेटे हैं। उन्होंने जनवरी में न्यूयॉर्क शहर के मेयर का पद संभाला था।

### मान क्रैश, पायलट ...

पुर्जे दूर तक बिखर गए। हालांकि, विमान में आग नहीं लगी। हादसे से जुड़े वीडियो सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि जमीन में गिरने के बाद विमान मलबे में तब्दील हो गया। एक पायलट कॉकपिट के पास फंसा था। दूसरा गंभीर हालत में विमान से थोड़ी दूर खून से लथपथ पड़ा था। विमान की एक सीट भी टूटकर बाहर आ गई। करीब 12:15 बजे पुलिस-प्रशासन की टीम पहुंची। खून से लथपथ पायलट सचिन भाटिया (गुजरात) और ट्रेनी अभिषेक पुजारी (कर्नाटक) को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों पायलट की मौत ऊंचाई से गिरने की वजह से हुई। शरीर में मल्टीपल इंजरी हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में स्पष्ट वजह सामने आएगी। मौके पर पहुंचे कानपुर पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने कहा- चकेरी स्थित गर्ग एविएशन ट्रेनिंग सेंटर से विमान ने उड़ान भरी थी। 20 मिनट बाद 39 किमी दूर नाथपुरवा गांव में क्रैश हो गया। पायलट के पास 3000 घंटे उड़ान का अनुभव था। डीजीसीए (DGCA) को जानकारी दे दी गई है। अब उनकी टीम जांच-पड़ताल करेगी। नाथपुरवा गांव के रोहित निषाद ने बताया- मैं खेत पर काम कर रहा था। ऊपर देखा तो एक एयरक्राफ्ट उड़ रहा था। अचानक वह नीचे की ओर गिरने लगा। धमाके की आवाज के साथ जमीन पर गिरा। हालांकि, आग नहीं लगी। सर्वेश ने बताया- मेरे खेत में ही विमान गिरा। मैं सुबह 10 बजे तक यहीं था। फिर घर चला गया। बाद में फोन आया कि तुम्हारे खेत में विमान गिरा है। इसके बाद मैं भागकर आया। यहां देखा तो दोनों पायलट जमीन पर गिरे पड़े थे। जहां हादसा हुआ, वहां से रिहायशी बस्ती करीब एक किमी दूर है। ग्रामीणों ने बताया कि विमान करीब 4-5 मिनट तक हवा में उड़ता रहा। फिर अचानक गिरा। अगर बस्ती के ऊपर विमान गिरता, तो घरों और पब्लिक को नुकसान पहुंच सकता था। विमान कानपुर की कंपनी गर्ग एविएशन फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी का था। 1995 में इसकी स्थापना हुई थी। 100 से ज्यादा लोग पायलट की ट्रेनिंग ले रहे हैं। विमान ने फ्लाइंग एकेडमी से ही उड़ान भरी थी। 39 किमी दूर क्रैश हो गया। हादसे के बाद डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) की तीन सदस्यीय टीम को जांच के लिए रवाना किया गया है। वहीं, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने भी जांच शुरू कर दी है। नीचे गिरने के दौरान एयरक्राफ्ट खेत में बने 5 फीट ऊंचे बाउंड्री वॉल से टकराया था। इसके बाद सीमेंटेड बाउंड्री वाल को तोड़ते हुए पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान विमान के परखच्चे उड़ गए। रवि निषाद ने बताया- मैं गांव में था। तभी पता चला कि एक विमान उन्नाव की ओर से आया और आसमान में लहराते हुए अमरूद के बाग में गिर गया है। सर्वेश ने कहा- मेरे खेत में ही विमान गिरा है। मैं सुबह 10 बजे यहीं था फिर मैं घर चला गया। बाद में फोन आया कि तुम्हारे खेत में विमान गिरा है। इसके बाद मैं भागकर आया। प्रत्यक्षदर्शी रोहित निषाद ने कहा- देखा ऊपर एक एयरक्राफ्ट अचानक उड़ रहा था। फिर तुरंत नीचे की ओर गिरने लगा। कोई आग नहीं लगी। केवल धमाके की आवाज आई थी। घायल पायलट और ट्रेनी को बेसुध हालत में हैलेट अस्पताल लाया गया। जहां ईएमओ डॉ. आरएस सिंह ने ट्रेनर और ट्रेनी पायलट को मृत घोषित किया। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया- गर्ग एविएशन ट्रेनिंग सेंटर से साढ़े 11 बजे 4 सीटर एयरक्राफ्ट ने उड़ान भरी थी।

